Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 13-12-2005

Participants : Khanna Shri Avinash Rai

an>

Title : Regarding 24 Indians being allegedly held captive by agents in Kuwait.

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) : मंत्री जी यहां बैठे हैं, मै चाहूंगा कि वह मेरी बात को ध्यान से सुनें। 24 भारतीयों को कुवैत में बंधक बनाकर रखा गया है। ये लोग चार राज्यों पंजाब, महाराट्र, तमिलनाडू और हिमाचल प्रदेश से हैं। ये 24 लोग कुवैत में उस एजेंट के द्वारा बंधक बनाए गए हैं, जो इन्हें वहां रोजगार दिलाने के बहाने लेकर गया था। ये लोग वहां पर भारतीय दूतावास के सामने धरना दे रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इन लोगों में से 17 पंजाब से हैं। उन 17 में से तीन लोग मेरे संसदीय क्षेत्र से हैं। ये लोग वहां कैसे गए, इसका मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं और सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं। कश्मीरी रज्जोवाल, होशियारपुर से एक आदमी है। उसके पांच बेटिया हैं और उसके मां-बाप की आयु क्रमशः 80 बरस और 82 बरस है। उसने डेढ़-दो लाख रुपए कर्ज लेकर कुवैत जाने का इंतजाम किया। उसका एजेंट के साथ कांट्रेक्ट था कि कुवैत में वह उसे नौकरी दिलाएगा। लेकिन एजेंट इन लोगों को कुवैत के बजाय इराक भेज देते हैं, जहां ये लोग नहीं जाना चाहते, क्योंकि वहां लाइफ की कोई सिक्योरिटी नहीं है। उस एजेंट के पास इन लोगों के पैसे और पासपोर्ट भी हैं। इसलिए यह इन 24 जिंदगियों के साथ-साथ 24 परिवारों का भी सवाल है, जो कि यहां रह रहे हैं। उनके परिवार के लोग यहां तंग हैं और वे लोग वहां तंग हो रहे हैं। इसलिए सरकार को इंटरवीन करके कुवैत में हमारे दूतावास को कहकर इन्हें अपने देश में लाने की व्यवस्था की जाए। नहीं तो इनका भी वही हाल होगा, जो पाकिस्तान में बंदी बनाए गए हमारे लोगों का हो रहा है, क्योंकि उन्हें वहां से निकलने में बड़ी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। इसलिए समय रहते इन भारतीयों को यहां लाने की सरकार व्यवस्था करे।